तापमान
अधिकतम 45.2 डिग्री
न्यूनतम 31.6 डिग्री

हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार, 17 जून 2024

11 निंदाना में फिर पंचायत, चकबंदी की खामियों ..


12 मित्र वही जो पाप से बचाने वाला हो : पूनम आर्या


## शहर में आज

- परिवार पहचान पत्र की खामियां ठीक करने के लिए अलग-अलग वार्डों में कैंप लगेंगे
- पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान जारी रहेगा
- टिटौली के स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ में शिविर जारी रहेगा सुबह 6 बजे से
- सड़क की समस्य को लेकर सेक्टर-1 हाउसिंग बोर्ड के लोग पार्षद से मिलेंगे दोपहर 1 बजे

## बिजली कट

- सुबह 9:30 से दोपहर 11:30 बजे तक

पेड़ की कटिंग के चलते वीसी ऑफिस, नेकी राम कॉलेज व कुछ क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

## खबर संक्षेप

### मदविः अब 28 से होंगी परीक्षाएं

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने प्रशासनिक कारणों के दृष्टिगत 20 जून से निर्धारित बी.एड./बी. एड. (सोशल एजुकेशन), प्रथम तथा द्वितीय वर्ष तथा एम.एड./एम.एड. (स्पेशल एजुकेशन), द्वितीय सेमेस्टर की थ्योरी परीक्षा स्थगित कर दी है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि ये परीक्षाएं अब 28 जून से प्रारंभ होंगी। संशोधित डेटशीट एमडीयू वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी।

### दवाई दिलवाने पीजीआई आया था, बाइक चोरी

**रोहतक।** पीजीआई में अपनी माता के दवाई दिलवाने आए युवक की बाइक चोरी कर ली गई। पुलिस को शिकायत में प्रेम नगर के सुभाष ने बताया कि वह अपनी मां संजू को दवाई दिलवाने पीजीआई आया था। उसने अपनी बाइक नई ओपीडी के बाहर खड़ी कर दी। जब वह अपनी मां को दवाई दिलवाकर वापस आया तो बाइक नहीं मिली।

### युवती के खाते से 60 हजार रुपये उड़ाए

**रोहतक।** युवती को गूगल से वाईफाई के कस्टमर केयर का नंबर तलाशना महंगा पड़ गया। ठग ने एक एप्लीकेशन युवती के फोन में डाउनलोड करवाकर 60 हजार 606 रुपये उड़ा लिए। अब युवती ने पुलिस को शिकायत दी है। शिकायत में दुर्गा कॉलोनी की रहने वाली विनीता ने बताया कि 19 मई को उनके घर का वाईफाई खराब हो गया था। मैंने गूगल पर कस्टमर केयर नंबर सर्च किया। वहां सर्च करने बाद 9332886396 नंबर दिया गया। उस व्यक्ति ने मुझे बातों में लगाकर मेरे फोन में अवैलडेस्क नाम की एप्लीकेशन डाउनलोड करवा दी। एप्लीकेशन डाउनलोड होते समय सारी परमिशन ली गई। परमियान लेने के कुछ देर बाद उसके बैंक खाते से 60 हजार 606 रुपये कट गए। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### बोहरः दो पक्षों में संघर्ष गोली चलने से दहशत

**रोहतक।** थाना अर्बन एस्टेट क्षेत्र स्थित गांव बोहर में रविवार को दो पक्षों में संघर्ष हो गया। इस दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों पर फायरिंग कर दी। गोली चलने से गांव में हड़कम्प मच गया। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके का जायजा लिया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गांव मकड़ौली के कुछ युवक गांव बोहर के बस अड्डे में आए हुए थे, जहां उनका बोहर निवासी कुछ लोगों के साथ विवाद हो गया। इस दौरान करौंथा का युवक भी मौजूद था। दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया।

### भीषण गर्मी में लोगों के कंठ सूखे, अब धैर्य देने लगा जवाब

# सलारा मोहल्ला में चार दिन से नहीं पहुंचा पानी जुलाहा वाला चौक बूस्टर पर जड़ दिया ताला

- आए दिन खराब रहती है बूस्टर की मोटर, चार दिन से नहीं आया पानी
- डीसी, एसडीएम ने किया था एक घंटा दस मिनट पानी सप्लाई का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सलारा मोहल्ला में चार दिन से पानी नहीं मिलने से रविवार को लोगों के सब्र का बांध टूट गया। उन्होंने जुलाहा वाला चौक बूस्टर पर ही ताला जड़ दिया। इसके बाद उन्होंने रोष जताया। उन्होंने कहा कि जब तक पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से चालू नहीं होगी और जुलाहा वाला चौक के बूस्टर की मोटर बदली नहीं जाएगी, वे ताला नहीं खोलेंगे। यहां बूस्टर में लगी पुरानी और जर्जर मोटर आए दिन खराब रहती है और जलापूर्ति नहीं हो पाती। उन्होंने बताया पहले भी विभाग को अवगत कराया गया है लेकिन कोई अधिकारी काम करने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने डीसी अजय कुमार से अपील की कि वे खुद अधिकारियों से जांच करवाएं कि यहां बूस्टर में लगी मोटर साल में कितनी बार जलती और खराब होती है। बद्री गेट, प्रधाना मोहल्ला, सलारा मोहल्ला व डेयरी मोहल्ला निवासियों ने बताया कि उन्हें ऐसी भयंकर गर्मी में पीने का पानी तो दूर हाथ धोने तक पानी नसीब नहीं हो रहा है। पानी की सप्लाई न मिलने से उन्हें पीने के पानी के कैंपर 20 रुपये प्रति खरीदने पड़ रहे हैं। लोगों को हेंडपंप से पानी भरकर लाना पड़ता है। घरेलू काम भी पानी के बिना पूरे नहीं हो पाते। दिन भर पानी का प्रबंध करने में लगे रहते हैं। जन स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया। कॉलोनी निवासियों ने उपायुक्त से समस्या का समाधान करने की मांग की।




रोहतक। जुलाहा वाला चौक स्थित बूस्टर पर ताला जड़कर रोष जताते सलारा मोहल्लावासी एवं खाली बालटी दिखाते हुए मोहल्ला निवासी। फोटोः हरिभूमि

### मोटर बदलनी होगी

बद्री गेट, प्रधाना मोहल्ला, डेयरी मोहल्ला, सलारा मोहल्ला निवासी ऊषा, सन्नी, पायल, कमला रानी, सोनिया, भाना, मीनारानी, रजनी, चंद्र प्रकाश, ममता, ज्योति, जानकी, मधु व सोमनाथ ने बताया कि आए दिन प्रशासन दावा करता रहता है कि शहर के सभी जल घरों में जरूरत के मुताबिक पानी है। लेकिन इसके बाद भी पानी की सप्लाई नहीं आ रही। उपायुक्त द्वारा जलघरों का निरीक्षण करने के बावजूद सप्लाई में कोई खास सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि जुलाहा वाला चौक के बूस्टर का पानी सुचारू किया जाए और आए दिन खराब हुई मोटर को हटाकर नई मोटर लगाई जाए। क्योंकि यह मोटर हर साल खराब हो जाती है। इन दिनों में हर साल यही दिक्कत आती है। लोगों ने कहा कि जब तक समाधान नहीं ताला नहीं खोला जाएगा।

### पहले भी लग चुके जाम

कॉलोनी और आसपास के एरिया में पानी की समस्या नई नहीं है। इससे पहले भी यहां पानी की दिक्कत रहती है। लोगों को सुबह शाम बाहर से पानी लाना पड़ता है। इस वजह से यहां के निवासी पहले भी दो बार जाम लगा चुके हैं। उन्हें अधिकारी आश्वासन देकर चले जाते हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती।



### डीसी व एसडीएम ने किए थे दावे

गौरतलब है कि डीसी अजय कुमार और एसडीएम आशीष कुमार ने विगत दिनों ही शहर के जलघरों का अलग अलग दिन निरीक्षण किया। इसके बाद दावा किया गया कि जलघरों में पर्याप्त पानी है। हर जगह सप्लाई दी जाएगी। किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आएगी। इसके बाद भी आधे शहर की कॉलोनियों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है।

### लोगों को परेशानी नहीं आने दी जाएगी

सलारा मोहल्ला एरिया में स्थित बूस्टर में मोटर में समस्या है। जल्द ही समाधान कर दिया जाएगा। लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। जलघरों में पर्याप्त पानी है और लोगों को समय पर सप्लाई मिल रही है। -राजेश रोहिल्ला, एसडीओ, जन स्वास्थ्य विभाग

# सर्कुलर रोड के पास पेंट के गोदाम में आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सर्कुलर रोड के पास स्थित पेंट गोदाम में शनिवार रात आग लगने से हड़कम्प मच गया। घटना में लाखों का माल स्वाहा हो गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। कई घंटों की मशक्कत के बाद आग ठंडी पड़ी। थोड़ी सी लापरवाही हो जाती तो आग दूसरे भवनों तक फैल सकती थी। जानकारी के अनुसार, डीएलएफ के पास चावला गोदाम में आग लग गई। जिससे लाखों का सामान जल गया। गोदाम में पेंट और अन्य कैमिकल रखा हुआ था। आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। कई गाड़ियों को लेकर कर्मचारी मौके पर पहुंचे और काफी देर की मेहनत से आग पर काबू पाया गया। दुकानदार का कहना है कि उन्हें लाखों का नुकसान हो गया। अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। सम्भावना है कि शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी है।





### रात को पांच घंटे में 18 जगहों पर लगाए नाके, नशा करके वाहन चलाने वाले पकड़े

**रोहतक।** नशेड़ी चालकों पर रोक लगाने के लिए पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। अलग अलग स्थानों को चिह्नित करके नाकाबंदी कर चेकिंग अभियान चलाया। यह नाकाबंदी रात 8 से रात 12 बजे तक 18 स्थानों पर की गई। हर नाके पर एल्को सेंसर से वाहन चालकों को चेक किया गया। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही की गई और चालान किए। सभी प्रभारी थाना व प्रभारी यातायात ने अपनी-2 टीम के साथ नाकाबंदी के वाहनो की चेकिंग की है।

### ऊफ ये गर्मी ...



रोहतक। भीषण गर्मी से बचने के लिए छाते का सहारा लेतीं महिला।

### वार्षिक परीक्षा के अंक 24 जून तक करें अपलोड

**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से संबद्धता प्राप्त राजकीय, अराजकीय विद्यालयों, गुरूकुलों, विद्यापीठों द्वारा शैक्षिक सत्र 2023-24 के लिए कक्षा 9वीं व 11 वीं के छात्रों-छात्राओं के वार्षिक परीक्षा अंक 24 जून तक अपलोड कर सकते हैं। डीसी ने बताया कि विद्यालयों द्वारा शैक्षिक सत्र 2023-24 के लिए 9वीं व 11वीं कक्षा के कुछ छात्रों-छात्राओं के वार्षिक परीक्षा अंक अपलोड करते समय परीक्षा परिणाम को रिजल्ट लेट टु एलिजिबिलिटी किया गया था। ऐसे सभी विद्यालय 24 जून तक बोर्ड की वेबसाइट पर दिए गए लिंक पर अपने विद्यालय की लॉगिन आईडी से अंक अपलोड करना, आरएलई हटाना सुनिश्चित करें। अगर किसी विद्यालय द्वारा छात्रों-छात्राओं के अंक ऑनलाइन अपलोड नहीं किए जाते हैं, तो ऐसे छात्रों-छात्राओं को बोर्ड की आगामी कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### 25 तक नहरों, ड्रेन और माइनरों की सफाई सुनिश्चित हो

**रोहतक।** सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता बीएस नारा ने प्रभावी बाढ़ तैयारी हेतु रोहतक, भिवानी, झज्जर अधीक्षण अभियंताओं को निर्देश दिए हैं। इन्होंने कहा है कि मानसून के मौसम के दौरान खड़ी फसलों को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए मैदानी स्तर पर प्रभावी बाढ़ तैयारी महत्वपूर्ण है। 30 जून तक हरियाणा में दक्षिण-पश्चिम मानसून आने की उम्मीद है। इसलिए अधिकारी 25 जून तक अपने अधिकार क्षेत्र के तहत आने वाली पूरी नहर और ड्रेन नेटवर्क की सफाई करवाएं। सभी बाढ़ योजनाओं को धरातल पर पूरा करने की समय सीमा 30 जून तय की गयी है। ताकि किसानों को लाभ मिल सके।



मुख्य अभियंता बीएस नारा

# निजी होटल में मृत मिला युवक नशे की ओवरडोज की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नया बस अड्डा के पास स्थित एक निजी होटल में एक युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। होटल संचालक से सूचना मिलने पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। प्रारम्भिक जांच में सामने आया है कि युवक ने नशे का इंजेक्शन लगाया था, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। मृतक के पास से नशीली प्रतिबंधित दवाइयां का इंजेक्शन भी मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भेज दिया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, जींद जिले के कालवा गांव का 28 वर्षीय प्रदीप निजी कंपनी में काम करता है। कल रोहतक के नए बस स्टैंड पर स्थित एक निजी होटल में रात को ठहरा था। सुबह जब प्रदीप ने दरवाजा नहीं खोला तो होटल स्टाफ ने दरवाजा तोड़ा तो प्रदीप का शव जमीन पर पड़ा हुआ था। होटल संचालक ने मामले की जानकारी सिविल लाइन पुलिस को दी। थाना प्रभारी जगबीर सिंह मौके पर पहुंचे और कमरे की जांच पड़ताल की। एफएसएल एक्सपर्ट डॉ. सरोज दहिया ने मौके पर सबूत एकत्रित किए। युवक कुर्सी पर से नीचे गिरा हुआ है। उसके पास ही एक इंजेक्शन मिला है। माना जा रहा है कि नशे की ओवरडोज से युवक की मौत हुई है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को मौके पर बुलाया। उनसे युवक के बारे में पूछताछ की गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भेज दिया गया है।



होटल में पडा युवक।



मौके पर जांच करती एफएसएल एक्सपर्ट डॉ. सरोज दहिया व सिविल लाइन पुलिस

### आईपीएस अधिकारी बन युवक से 61 हजार 500 रुपये ठगे

- अश्लील वीडिया कॉल सोशल मीडिया से हटवाने के नाम पर फ्रॉड

**रोहतक।** गांव किलोई दोपाना के एक युवक के साथ आईपीएस अधिकारी बनकर 61 हजार 500 रुपये की ठगी कर ली गई। यह ठगी अश्लील वीडियो चैट को सोशल मीडिया से हटाने के नाम पर हुई है। गांव के युवक ने पुलिस को शियायत में बताया कि 13 मई को उसके मोबाइल फोन पर एक अनजान व्यक्ति की कॉल आई। जिसका मोबाइल 6002540998 था। कॉल करने वाले ने कहा कि मैं आईपीएस अधिकारी बोल रहा हूं। आपने किसी लड़की के साथ वीडियो कॉल पर अश्लील बातें की हैं। यह विडियो सोशल मिडिया पर वायरल की जा रही है। अगर ये वीडियो हटवाना चाहते हैं तो 7454079952 पर बात करें। युवक ने इस नंबर पर बात की तो वीडियो हटवाने के लिए उससे 21 हजार 500 रुपये गूगल पे पर मांगे गए। युवक ने 21 हजार 500 रुपये गूगल पे पर भेज दिए।

# महमःभाजपा कार्यकर्ताओं ने लोकसभा प्रत्याशी की हार के कारण साझा किए

### आपसी मतभेद भुलाकर विधानसभा में अभी से जुटने का आह्वान



महम। भाजपा की समीक्षा बैठक के दौरान मंच पर मौजूद भाजपा नेता शमशेर खरकड़ा, मेयर मनमोहन गोयल व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

रविवार को महम काठमंडी स्थित बाल्मीकि धर्मशाला में हलका महम के भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक को समीक्षा बैठक नाम दिया गया। बैठक में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने रोहतक लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी डॉ. अरविंद शर्मा की हार के कारणों को लेकर आपस में चर्चा की और हार के कारणों को जानने का प्रयास किया। बैठक को भाजपा नेता शमशेर खरकड़ा, रोहतक के मेयर मनमोहन गोयल, भाजपा नेत्री राधा अहलावत, महम नगर पालिका के वाइस चेयरमैन बसंत लाल गिरधर, कलानौर से सुनील चेयरमैन व पूर्व नपा चेयरमैन फतेह सिंह और राजा शर्मा समेत कई नेताओं ने संबोधित किया। इस दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कहा कि जो कमियां लोकसभा चुनाव में हुई हैं, वे कमियां विधानसभा चुनाव में नहीं रहने दी जाएंगी। भाजपा नेता शमशेर खरकड़ा ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं का पूरा मान सम्मान किया जाएगा। क्योंकि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं।

### सांपलाः सड़क पर खड़े ट्रक से टकराई बाइक युवक की मौत

**सांपला।** नेशनल हाईवे पर खड़े एक ट्रक से बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। युवक गुरुग्राम की किसी कंपनी में नौकरी के लिए जा रहा था। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। जबकि शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों के हवाले कर दिया। हसनगढ़ निवासी रितेश सुबह अपनी बाइक से सांपला की तरफ जा रहा था। भैंसरु के पास सड़क पर खड़े ट्रक से बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उसकी रितेश की मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर घटना की सूचना मिलते ही परिवार में हाहाकार मच गया। बताया जा रहा है कि रितेश गुरुग्राम में किसी कंपनी में नौकरी के लिए जा रहा था। रास्ते में यह हादसा हो गया। रितेश चार बहनों में अकेला भाई था। उसकी मौत से परिवार गहरे सदमे में है।

### जाट शिक्षण संस्थान की गवर्निंग बॉडी का चुनाव 23 जून को

# प्रधान के लिए 5 नामांकन दाखिल हुए

- 105 कॉलेजियम सदस्य प्रधान, उप प्रधान, महा सचिव और खजांची के लिए वोट पड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जाट शिक्षण संस्थान की गवर्निंग बॉडी का चुनाव 23 जून को होगा। इसके लिए रविवार नामांकन का अंतिम दिन था। पांच पैनल मैंदान में उतरे हैं। इनमें पूर्व प्रधान राज सिंह नांदल, नरेश काला, परमजीत तहलान, गुलाब दिमाना और राजेंद्र सिंह शामिल हैं। पांच में से तीन अकेले बोहर गांव से हैं। सोमवार को नॉमिनेशन की जांच होगी। मंगलवार 18 जून नॉमिनेशन वापस लेने के लिए निर्धारित है। 105 कॉलेजियम सदस्य प्रधान, उप प्रधान, महा सचिव और खजांची के लिए वोट डालेंगे। इन 105 में से करीब 20 सदस्य तो चुनाव मैदान में ही आएंगे। क्योंकि एक पैनल में चार पदों के लिए प्रत्याशी होंगे। बाकि बचे 75 सदस्यों पर पैनल वोट के लिए घेराबंदी करेंगे। चंचल नांदल ने पत्रकार वार्ता में बताया कि मेल जोल बढ़ाया गया है और संस्था को आगे बढ़ाने के लिए तालमेल करके परमजीत तेहलान को समर्थन दिया है।



रोहतक। नॉमिनेशन फॉर्म देते हुए पूर्व प्रधान राज सिंह नांदल।



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते हुए चंचल नांदल व परमजीत तहलान।

*मैं बग़ावत चाहता हूं। हर उस फ़र्द (व्यक्ति) के ख़िलाफ़ बग़ावत चाहता हूं जो हमसे मेहनत कराता है, मगर उस के दाम अदा नहीं करता।*

**-सआदत हसन मंटो**



*आप बस इतना करें कि इस लॉकडाउन के बाद मुझे तलाक दिला दें।' इतना कह कृति ने फोन काट दिया और किचन की ओर मुड़ गई। उसके गले में हल्का दर्द था और सिर भारी हो रहा था. एक कप चाय बनाने के लिए जैसे ही उसने किचन के दरवाजे पर कदम रखा।*

*वैभव को अंदर देख कृति के सिर पर गुस्से का बादल जैसे फट पड़ा। पैर पटकते वापस बेडरूम में आकर लेट गई।*



कहानी | दिव्या शर्मा

# शक का संक्रमण



मैं नहीं रह सकती अब एक भी दिन इस घर में। मुझे बस तलाक चाहिए। कृति के मुँह से निकले झल्लाते शब्दों को सुन वकील ने मौन साध लिया। जवाब न सुन कृति के गुस्से में जैसे मिर्च छिड़क गई।

'आप बोल क्यों नहीं रहे वकील साहब! देखिए मुझे नहीं पता कि कोरोना की क्या गाइडलाइंस हैं। आपने कहा था कि एक महीना पूरा होते ही मेरी अर्जी पर कोर्ट फैसला दे देगा!' कृति के चेहरे पर परेशानी उभर आई।

'देखिए कृति जी। कोर्ट बंद हैं और अभी खुलने के आसार भी नहीं तो केस की सुनवाई तो अभी नहीं हो सकती और मैं जज नहीं जो डिसिजन देकर आपके तलाक को मंजूर कर दूँ।' वकील ने समझाते हुए कहा।

'पर मैं यहाँ से जाना चाहती हूँ। एक महीने के चक्कर में फंस गई हूँ मैं..मुझसे उस आदमी की शक्ल नहीं देखी जा रही जिसने मुझे धोखा दिया। मैं नहीं रह सकती वैभव के साथ।' कृति के शब्दों की झुंझलाहट और मन में छिपे दर्द को वकील ने साफ महसूस किया.दो पल को खामोशी इख्तियार कर वह फिर बोला,

'आप अपनी माँ के घर चली जाएं।'

'अरे नहीं जा सकती। इस इलाके को कोरोना जोन घोषित कर दिया है। यहाँ से निकली तो चालीस दिन के क्वारनटिन कर दी जाऊंगी।' कृति ने हांफते हुए कहा।

'तो बताओ मैं क्या कर सकता हूँ?' वकील ने कहा.

'आप बस इतना करें कि इस लॉकडाउन के बाद मुझे तलाक दिला दें।' इतना कह कृति ने फोन काट दिया और किचन की ओर मुड़ गई। उसके गले में हल्का दर्द था और सिर भारी हो रहा था. एक कप चाय बनाने के लिए जैसे ही उसने किचन के दरवाजे पर कदम रखा।

वैभव को अंदर देख कृति के सिर पर गुस्से का बादल जैसे फट पड़ा। पैर पटकते वापस बेडरूम में आकर लेट गई।

छत पर घूमते पंखे के साथ पिछली यादें घूमकर उसकी आँखों के सामने तैरने लगी।

दीया बाती के नाम से मशहूर वैभव और कृति अपने कॉलेज की सबसे हॉट जोड़ी थी।

दोनों के बीच की कैमिस्ट्री को देखकर न जाने कितने दिल जल कर खाक हुए जाते थे. कृति की अदाएं और वैभव की दीवानगी जैसे रोमियो जूलियट. कृति के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए वैभव रोज नये ट्रिक्स करता। दोनों की दीवानगी कोई वक्ती न थी। अपने करियर के मुकाम पर पहुंच वैभव और कृति परिवार की रजामंदी से विवाह के बंधन में बंध गए।

सब कुछ बेहद खूबसूरत चल रहा था लेकिन वह एक शाम दोनों की जिन्दगी में बिजली बनकर कौंध गई। प्रेम की मजबूत दीवार पर शक के हथौड़े का वार गहरा पड़ा.वैभव ने लाख सफाई दी कि उसका मेघना के साथ सिर्फ मित्रता का संबंध है लेकिन शक की आग में चली कृति कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थी। पंद्रह दिन बाद दोनों की शादी को दो साल पूरे हो जायेंगे लेकिन कृति उससे पहले ही वैभव से तलाक चाहती थी। कोर्ट ने एक बार दोबारा विचार करने के लिए दोनों को कुछ समय साथ रहने का फैसला सुनाया था। वैभव के लाख प्रयासों के बाद भी कृति का मन नहीं बदला बल्कि वैभव की हर कोशिश उसे सफाई नजर आती। नफरत और गुस्से से वह वैभव को शब्दबाणों से घायल करती रहती। वैभव का सयंम अभी टूटा नहीं था इसलिए उसने अपने आस पास मौन ओढ़ लिया। केस की अगली सुनवाई तक दोनों को साथ ही रहना था इसलिए मजबूरन कृति वैभव को बर्दाश्त कर रही थी। समय चल रहा था लेकिन अचानक आए कॉरोना के वायरस ने जिन्दगी की रफ्तार को जैसे थाम दिया। लॉकडाउन लग चुका था। चारों ओर डर और अफरातफरी का माहौल था। कृति अपने मायके जाना चाहती थी लेकिन उनकी सोसायटी सील कर दी गई थी क्योंकि इस बिल्डिंग में कोरोना के पॉजिटिव केस लगातार बढ़ रहे थे। मन मारकर एक ही छत के नीचे रहती कृति अंदर अंदर घुल रही थी। कृति अपने ख्यालों में खोई कमरे में चहलकदमी कर रही थी कि एंबुलेंस की तेज आवाज़ से उसका ध्यान भटका। वह भागकर बॉलकनी की ओर भागी। सामने वाली बिल्डिंग के नीचे एंबुलेंस खड़ी थी। उसके आस पास पीपीई किट पहने चार लोग खड़े थे। कृति ने ध्यान दिया तो उसे सामने वाली बिल्डिंग के चार नंबर फ्लैट की बॉलकनी में सुधा आंटी रोती नजर आई । एंबुलेंस के अंदर एक बॉडी को डाला जा रहा था। थोड़ी देर में एंबुलेंस साइरन बजाते निकल गई। सुधा आंटी के रोने की आवाज़ अब साफ नजर आ रही थी।

*कृति को अपना शरीर बिल्कुल निष्क्रिय लग रहा था वह उठ नहीं पा रही थी। कोरोना उसके शरीर को जकड़ चुका था, लेकिन वैभव उसके करीब खड़ा था। यह देख कृति वैभव को दूर जाने के लिए कहती है, 'तुम दूर रहो वैभव, मुझे कोरोना तुम भी बीमार हो जा।'इतना कहकर कृति खाँसने लगती है। उसे सांस लेने में तकलीफ महसूस हुई। तुम शांत रहो। मुझे कुछ नहीं होगा। मैंने मॉस्क और ग्लब्स पहने हैं ध्यान से देखो और तुम्हें बस वायरल बुखार है कोरोना नहीं. घबराओ नहीं. मैं चाय लाता हूँ।' इतना कहकर वैभव रसोई में चला गया. थोड़ी देर में चाय और स्टीमर उसके साथ था। कृति को चाय देके वैभव ने स्टीमर का प्लग लगाया और उसे गर्म करने लगा।*

एंबुलेंस में उनके एकलौते बेटे रजत को ले जाया गया था।

'रजत नहीं रहा।' बगल की बॉलकनी में मुँह लपेटे पारूल खड़ी थी। उसकी बात सुनकर कृति का दिल धक से रह गया।

'क्या बोल रही हो पारूल! यार एक ही बेटा था आंटी का। कोई नहीं है उनके पास तो.कैसे बर्दाश्त करेंगी वे यह दुख!' कृति तड़प कर बोली।

'कॉरोना जाने कितनों को अपने साथ ले जायेगा. तुमने मॉस्क नहीं पहना और तुम बाहर खड़ी हो! इतनी लापरवाही ठीक नहीं कृति।' इतना कहकर पारूल अंदर चली गयी और दरवाजा बंद कर दिया।

घबराई कृति कमरे के अंदर आकर अपने चेहरे और हाथों को साबुन से रगड़ने लगती है। सुधा आंटी का विलाप चारों तरफ फैले सन्नाटे में डर पैदा कर रहा था। कृति अपने कमरे को सेनिटाइज कर बिस्तर पर लेट गई। सिर में दर्द और गले की खराश मन में भय की तरंगें बनाने लगी। नाक से बहता पानी मस्तिष्क को बार बार झिंझोड़ रहा था. लेकिन आंटी और रजत के बारे में सोचते सोचते उसे गहरी नींद आ गई।

कृति को कमरे से बाहर न निकलते देख वैभव को चिंता हो रही थी। कृति कभी इतनी देर नहीं सोती। रात के आठ बज रहे थे और कृति चार बजे से कमरे के अंदर थी। रजत के जाने का दुख वैभव को अंदर तक हिला गया उस पर कृति का कमरे में बंद होना वैभव के मन में हजार आशंकाओं को जन्म दे रहा था। घड़ी की सूंई बढ़ती जा रही थी। नौ बज चुके थे. अब वैभव उसके कमरे के दरवाजे के बाहर जाकर खड़ा हो गया।

'कृति, तुम ठीक हो न! कृति...कृति!' दरवाजे को थपथपा कर वह बोला। लेकिन कृति की कोई आवाज़ नहीं आई। वैभव ने दरवाजे को हल्के से धकेला तो कृति को बिस्तर पर बेसुध पाया. वह उसके करीब जाकर उसके माथे को छुता है। माथा भट्टी की तरह तप रहा था।

'कृति...कृति...उठो..आँखें खोलो!' वैभव उसे झिंझोड़ कर बोला। कृति अपनी आँखें खोलने की कोशिश करती है लेकिन खोल नहीं पाती।

वैभव तुरंत अपना मॉस्क चेहरे पर लगाता है और ठंडे पानी का कटोरा लेकर उसके सिरहाने बैठ जाता है। ठंडे पानी की पट्टियां सिर पर रख उसकी हथेलियां रगड़ने लगता है। कृति को कुछ होश आया। आँखें खोली तो वैभव सामने था. कृति की आँखें लाल थी। वैभव उसे होश में देख तुरंत पैरासिटामोल ले आया और सहारा देकर दवा उसके मुँह में डाल दी।

कृति को अपना शरीर बिल्कुल निष्क्रिय लग रहा था वह उठ नहीं पा रही थी। कोरोना उसके शरीर को जकड़ चुका था, लेकिन वैभव उसके करीब खड़ा था। यह देख कृति वैभव को दूर जाने के लिए कहती है, 'तुम दूर रहो वैभव, मुझे कोरोना तुम भी बीमार हो जा।'इतना कहकर कृति खाँसने लगती है। उसे सांस लेने में तकलीफ महसूस हुई। तुम शांत रहो। मुझे कुछ नहीं होगा। मैंने मॉस्क और ग्लब्स पहने हैं ध्यान से देखो और तुम्हें बस वायरल बुखार है कोरोना नहीं. घबराओ नहीं. मैं चाय लाता हूँ।' इतना कहकर वैभव रसोई में चला गया. थोड़ी देर में चाय और स्टीमर उसके साथ था। कृति को चाय देके वैभव ने स्टीमर का प्लग लगाया और उसे गर्म करने लगा। *(शेष अगले अंक में)*

गजल | चरणजीत चरण



तुमने अच्छा ही किया ली न ख़बर, वैसे भी
लौट के कोई न आया है इधर, वैसे भी

तुम गई हो तो पलटकर के सुकूँ आया है
दिल को रहता था बिछड़ जाने का डर, वैसे भी

हम कई रोज रहे साथ चलो अच्छा है
कितना चलता है मुहब्बत का सफ़र, वैसे भी

हाथ इकतारे पे रखते ही हुआ तार जुदा
मुझको आता ही नहीं था ये हुनर, वैसे भी

हमसफ़र बन न सके तुम तो कोई बात नहीं
थोड़ी मुश्किल थी मेरी राह-गुज़र वैसे भी

गजल | दिनेश शर्मा दिनेश



दुनिया में आते हैं और जाते हैं लोग
कब अपना किरदार निभा पाते हैं लोग

वह साथी है सबका उसका किससे बैर
अपनी ही करनी का फल पाते हैं लोग

सबकी अपनी ढपली सबका अपना राग
केवल अपने लाभ की बतियाते हैं लोग

हर कोई इक जैसा कैसे हो सकता है
इक चक्की का आटा कब खाते हैं लोग

ऐहतियात रखा कर ज़ेहन में तू खास
गिरगिट से ज्यादा रंग दिखलाते हैं लोग

लघुकथा | अशोक कुमार ढोरिया



## दायित्व

ओ 'ओह ! ये गर्मी।' 'यार आज तो तापमान 54° है, जीना बेहाल कर रखा है।' 'हाँ भाई, गर्मी ने पिछले 22 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।' 'भाई एक बात बताओ, क्या सरकार का कोई कर्तव्य नहीं बनता कि पर्यावरण संरक्षण के बारे में कोई ठोस कदम उठाए।' पास ही बैठे बूढ़े दादा ने दोनों की बात सुनकर कहा - 'बेटा, जिस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति अपना वोट डालकर सरकार बनाता है ताकि देश का शासन सुनियोजित ढंग से चल सके।
जब हम अपनी सरकार चुन सकते हैं तो क्या हमारा ये दायित्व नहीं बनता कि प्रत्येक व्यक्ति एक पेड़ लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाकर जलवायु को जीने लायक बना सके ?

पर्यारण गीत | नरेश शांडिल्य



## प्रबुद्ध करें हम

जल-थल-नभ सब शुद्ध करें हम,
जन-मन पुनः प्रबुद्ध करें हम ।

जल न रहा तो कल क्या होगा?
उजड़ रहे जंगल ; क्या होगा?
साँसों का संबल क्या होगा?
इन प्रश्नों का हल क्या होगा?
जूझ स्वयं से युद्ध करें हम...

जल-थल-नभ सब शुद्ध करें हम,
जन-मन पुनः प्रबुद्ध करें हम।

गुरुवाणी में सदियों पहले,
नानक जी ने भी फरमाया;
पवन पिता , धरती को माता,
पानी को गुरुरूप बताया;
क्यों फिर धर्म विरुद्ध करें हम...

जल-थल-नभ सब शुद्ध करें हम,
जन-मन पुनः प्रबुद्ध करें हम।

सदियों से पूजित हैं नदियाँ,
हिमगिरि उन्नत शिखर चोटियाँ,
हरा-भरा वसुधा का आँचल,
करें न इन सबका मन घायल,
कभी न इनको क्रुद्ध करें हम...

जल-थल-नभ सब शुद्ध करें हम,
जन-मन पुनः प्रबुद्ध करें हम ।

निर्मल हो नदियों की कल-कल,
खिलें-बढ़ें गिरि-वन नित पल-पल,
हो स्वछंद खग-मृग की हलचल,
खिला रहे यूँ जीवन-शतदल,
पथ न सृष्टि का रुद्ध करें हम...

जल-थल-नभ सब शुद्ध करें हम,
जन-मन पुनः प्रबुद्ध करें हम।।

फिर 'दधीचि' हड्डियाँ गलाएँ,
पुनः 'भगीरथ' भू पर आएँ,
फिर 'अगस्त्य' संकल्प उठाएँ,
'अँगुलिमाल-मन' को समझाएँ,
मानव-मन को बुद्ध करें हम...

जल-थल-नभ सब शुद्ध करें हम,
जन-मन पुनः प्रबुद्ध करें हम।।

लघुकथा | अम्बिका कुमारी कुशवाहा



## आपसी समझ

हाँ.. मैं आलसी हूँ.. बहुत आलसी। और कुछ कहना चाहती हो? इतना कहकर अनिमेष कमरे से बाहर निकल गया। श्वेता की मज़ाक में कही गई बात और अचानक अनिमेष का इस तरह का व्यवहार देख, श्वेता सोच में पर गई।

श्वेता और अनिमेष ने प्रेम विवाह किया था। दोनों कॉलेज में साथ पढ़े थे और श्वेता जानती थी अनिमेष एक शांत स्वभाव का संकोची लड़का है जो बिना कुछ पूछे अपनी बात भी नही कहता।

अनिमेष के पीछे श्वेता भी तेजी से बाहर निकली। अनिमेष बालकनी पर खड़े हो सड़क की ओर देख रहा था।

श्वेता ने उसके कंधे पर हाथ रख पूछा- क्या हुआ अनिमेष? कोई बात है क्या?

अनिमेष- नहीं श्वेता , कुछ नही.. बस ऐसे ही थोड़ा गुस्सा आ गया। सॉरी।

श्वेता- अनि.. हमने प्रेम विवाह किया है। मैं तुम्हारी जीवनसंगिनी और अच्छी दोस्त भी हूँ। तुम्हारा इस तरह मुझसे किसी बात को न कहना अच्छा नही लगता।

अनिमेष- (श्वेता की ओर देखते हुए) सॉरी श्वेता.. मुझे माफ कर दो, इस बार भी हम गर्मियों में शिमला नही जा सकते। बॉस ने छुट्टी देने से साफ मना कर दिया है। साथ पिछले सप्ताह अस्वस्थ रहने के कारण जो अवकाश लिया था, सैलरी से पैसे काट लिए बॉस ने। और अगले सोमवार से ओवरटाइम की ड्यूटी भी है।

श्वेता- उफ्फ.. ये बेरहम बॉस। बस इतनी सी बात और इतना बड़ा टेंशन लिए हो? अनि.. कोई बात नही, हम इस बार कहीं नही जाएंगे। अगली बार चलेंगे शिमला।

और हाँ तुम इतना क्यों सोचते हो? मैं तुम्हारी साथी हूँ, मैं भी जॉब करती हूँ, आर्थिक जिम्मेदारी मेरी भी हैं।

अनिमेष (मुस्कुराते हुए)- बुरा लगता है ना.. शादी के इतने दिन बाद भी तुम्हारे शिमला घूमने की इच्छा पूरा नही कर पा रहा।

श्वेता- मुझे भी कहाँ छुट्टी मिल पाती है। साथ घूमने की इच्छा तो तुम्हारी भी हैं। ये प्राइवेट जॉब भी न..

अनिमेष- मुझे तो आज संडे को सुबह सुबह तुमसे लड़ना था, पर तो उलझती ही कहाँ हो बातों में।(दोनो हँसते हैं)

श्वेता(घूरते हुए)- अच्छा जी! अगले साल छुट्टी पर हम सबसे पहले अपने घर चलेंगे। उसके बाद ही कही जाएंगे।

अनिमेष- जैसी आपकी आज्ञा देवी। 'रिश्तों की बुनियाद आपसी समझ, सम्मान, सहयोग और विश्वास पर केंद्रित होती है।'

**साहित्य समाज को जोड़ने का काम करता है, इसलिए संस्कार के लिए खासतौर से युवाओं को साहित्य के प्रति जागृत करना आवश्यक है। यह जिम्मेदारी लेखकों और साहित्यकारों की भी है कि वे अच्छे साहित्य सृजन करके सामाजिक निर्माण में योगदान दें।**

साक्षात्कार | ओ.पी. पाल

# समाज को दिशा देने में साहित्य की अहम भूमिका: मधु वशिष्ठ

हिंदी साहित्य के क्षेत्र में समाज को नई दिशा देते हरियाणा के लेखकों, साहित्यकारों, कवियों और रचनाकारों में महिलाओं की भी अहम भूमिका रही है। ऐसी ही महिला साहित्यकारों में शुमार मधु वशिष्ठ भी साहित्य की विभिन्न विधाओं के जरिए सामाजिक सरोकार के फोकस में सकारात्मक विचारधाराओं से समाज को नई दिशा देने में जुटी हुई हैं। दिल्ली सरकार से सेवानिवृत्त अधिकारी के पद से सेवानिवृत्ति के बाद स्वतंत्र लेखन से रचना संसार को आगे बढ़ाते हुए साहित्य सृजन में जुटी मधु वशिष्ठ कई प्लेटफार्मों से भी अपने लेखन को सुगम और सरल बना रही हैं। अपने मनोभावों को कहानी या कविता के रूप में साहित्य को समर्पित लेखिका, रचनाकार, कवियत्रि और कहानीकार मधु वशिष्ठ ने हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में अपने साहित्यिक सफर के बारे में विस्तृत उल्लेख करते हुए कई ऐसे पहलुओं को उजागर किया, जिसमें समाज को सकारात्मक रूप से जागृत करने की दिशा में साहित्य की अहम भूमिका हो सकती है।

हिंदी साहित्य के क्षेत्र में लोकप्रिय महिला रचनाकार मधु वशिष्ठ का जन्म 10 सितंबर 1959 को दिल्ली में सोमदत्त शर्मा और तारा रानी शर्मा के घर में हुआ। उनके पिता नई दिल्ली नगर पालिका परिषद में अधिकारी थे, इसलि मधु का बचपन दिल्ली के सरकारी मकान में ही बीता है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा दिल्ली गोल मार्केट के नगर पालिका के स्कूल में हुई। उनका परिवार नगर पालिका के पुस्तकालय के नजदीक ही रहता था और परिवार के सदस्य उसके सदस्य भी थे, तो साहित्य के प्रति रुझान स्वतः ही होना तय था। वहीं दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी और रामकृष्ण मिशन की भी लाइब्रेरी भी उनके घर के पास ही थी, जहां परिवार के सभी लोग पुस्तकों को पढ़ते थे। बकौल मधु वशिष्ठ उस जमाने में प्रकाशित होने वाली चंपक, नंदन और बहुत सी कॉमिक्स जैसी पुस्तकें पढ़ने का शौक बढ़ने के साथ लेखन के प्रति भी रुचि जागृत होने लगी थी। उनकी लिखी हुई पहली कविता और कहानी 70 के दशक में कॉलेज की मैगजीन में प्रकाशित हुई तो लेखन के प्रति आत्मविश्वास बढ़ना भी स्वाभाविक ही था। उस जमाने में साहित्यिक सफर इतना आसान नहीं था कि वे अपनी कहानी या कोई भी रचना को प्रकाशित कराने के लिए दिल्ली प्रेस या धर्मयुग मैगजीन के लिए उनका पता ढूंढना पड़ता था और फिर लिफाफे में डालकर अपनी रचनाओं को वहां भेजना होता था, तो अधिकतर डाक वापस आ जाती थी यानी रचनाएं प्रकाशित होने की संभावनाएं भी नगण्य ही थी, लेकिन उनकी एक कविता को एक हिंदी मैगजीन में प्रकाशित हुई। मधु वशिष्ठ ने बताया कि साल 1974 से 77 के बीच भी उन्होंने कुछ रचनाएं लिखी थीं, लेकिन विवाहोपरांत और 80 के दशक के बाद उनकी व्यस्तताएं बहुत बढ़ गईं, जिसका कारण साल 1982 में उनकी दिल्ली सरकार में नौकरी लग गई, जहां से 2018 में सेक्शन ऑफिसर के पद से सेवानिवृत्त हुई हैं। मधु वशिष्ठ साधना कहानियां यादों की उनका अपना एक यूट्यूब चैनल भी है। मधु वशिष्ठ की नजर में इस आधुनिक युग में साहित्य की स्थिति बहुत अच्छी तो नहीं है, क्योंकि अधिकतर लोग सोशल साइट में उलझे हुए हैं और लेखन से ज्यादा दृश्य उन्हें आकर्षित कर रहे हैं, इसलिए साहित्य के पाठकों में रुझान कम देखने को मिल रहा है। जहां तक युवा पीढ़ी की साहित्य में रुचि का सवाल है उनके ऊपर पाठ्यक्रम का बोझ ज्यादा है और जानकारी के लिए उनके पास इंटरनेट का सरल विकल्प भी है। वे कल्पना की बजाए अपनी पढ़ाई पर या मोबाइल में किसी भी विषय पर जानकारियां लेना ज्यादा पसंद करते हैं। हालात यहां तक पहुंच गये कि 1913 में रविंद्र नाथ ठाकुर को उनकी काव्य रचना गीतांजलि के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार मिला था, लेकिन उसके बाद कोई भी कृति ऐसी नहीं हुई, जो की साहित्यिक पुरस्कार के योग्य समझी जा सके।

### प्रकाशित पुस्तकें

मधु वशिष्ठ की विभिन्न विधाओं में अभी तक छह एकल पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है। इनमें कहानियां यादों की, कहानी संग्रह कथा कुंज, कविता संग्रह जीवन और मन तथा भक्ति सागर प्रमुख रुप से शामिल हैं। इनके अलावा उनकी कविताओं के संकलन के रुप में अनुभव नामक पुस्तक भी उनकी उपलब्धियों में शामिल है। रचनाकार मधु की 80 से अधिक साझा संकलनों में रचनाएं प्रकाशित हो चुकी है। इसके अलावा राष्ट्रीय पत्र व पत्रिकिाओं में उनके लेख, कहानियां औरकविताएं भी प्रकाशित होती आ रही हैं।



मधु वशिष्ठ

### पुरस्कार व सम्मान

कवयित्री को विभिन्न विधाओं में सैकड़ों पुरस्कार और सम्मान मिले हैं। इसमें प्रतिलिपि में उन्हें गोल्ड बैज के साथ प्रमाणपत्र का सम्मान भी मिला है। धारावाहिक लेखन में उन्हें फेलोशिप का सम्मान भी मिला है। स्टोरी मिरर में लिटरेरी जनरल की उपाधि से सम्मानित मधु वशिष्ठ ऑथर ऑफ द ईयर अवार्ड से भी सम्मानित है। इसके अलावा उन्हें काव्य विभूति सम्मान, काव्यश्री सम्मान, साहित्य रत्न सम्मान, शांतिप्रिय व्यक्तित्व सम्मान, श्रेष्ठ कहानीकार सम्मान मिल चुका है।

### व्यक्तिगत परिचय

**नामः** मधु वशिष्ठ
**जन्मतिथिः** 10 सितंबर 1959
**जन्म स्थानः** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली
**शिक्षाः** बीए, बीएड (मिरांडा हाउस दिल्ली)
**सम्प्रतिः** सेवानिवृत्त अधिकारी, स्वतंत्र लेखन
**संपर्कः** 19/8, फरीदाबाद (हरियाणा)

# चिंता और चिंतन को प्रतिबिंबित करते दोहे






**पुस्तक : उगें हरे संवाद (दोहा संग्रह)**
**कवि : योगेन्द्र वर्मा 'व्योम'**
**मूल्य : 200 रुपये**
**प्रकाशक : गुंजन प्रकाशन**

पुस्तक समीक्षा | डॉ. रामनिवास 'मानव'

दोहा हिंदी का प्राचीन और परंपरागत लघु छंद है, जिसने हर काल में अपनी सार्थकता सिद्ध की है। भक्तिकाल में यह रामबाण बनकर चला, तो रीतिकाल में इसने कामबाण बनकर लक्ष्य-संधान किया। वर्तमान काल में भी दोहे की प्रासंगिकता बनी हुई है, किंतु आज का दोहा तुलसी-रहीम-बिहारी के दोहों का सगोत्रीय छंद नहीं है। इसकी गर्भनाल कबीर के बेबाक दोहों से जुड़ी है। इसकी मारक क्षमता भक्ति-रीति कालीन दोहों से कहीं अधिक और गहरी है तथा यह अग्निबाण बनकर असंगतियों, विसंगतियों और विकृतियों के ढेर में पलीता लगाने का काम कर रहा है। यही कारण है कि आज अनेक समर्थ कवि दोहा-लेखन में सक्रिय हैं।

ऐसे कवियों में गीत-नवगीत के श्रेष्ठ हस्ताक्षर योगेन्द्र वर्मा 'व्योम' का नाम भी सम्मिलित है, जो दोहा छंद को धार देने का सफल-सार्थक प्रयास अपनी लेखनी द्वारा कर रहे हैं। 'परिवार के उजले भविष्य- पुत्र और पुत्रियों को समर्पित', 332 दोहों के अपने प्रथम दोहा-संग्रह 'उगें हरे संवाद' में वह बढ़ती संवेदनहीनता, टूटते रिश्तों और बिखरते परिवारों की त्रासद स्थिति पर तो चिंतित दिखाई पड़ते ही हैं, पारस्परिक संबंधों और पारिवारिक रिश्तों में अंतर्निहित आत्मीयता की ऊष्मा पर भी उनका पूरा जोर है। उनके दोहे देखिए- स्वस्थ भला कैसे रहे, अपनापन-सम्मान ।
भीतर हों जब तलख़ियाँ, चेहरों पर मुस्कान।।
गूगल युग ने क्या किया, छीन लिए एहसास।
छिटक रही संवेदना, चटक रहे विश्वास।।

किंतु जैसे-जैसे हम उनके दोहों के माध्यम से आगे बढ़ते हैं, समकालीन जीवन-यथार्थ के अन्य विद्रूप आयाम भी उद्घाटित होते जाते हैं। इन दोहों में कवि की चिंता और चिंतन, दोनों तो साथ-साथ चलते ही हैं, भावों की भंगिमा तथा भाषा की लाक्षणिकता इन्हें और भी मारक तथा महत्त्वपूर्ण बना देती है। संग्रह के अनेक दोहों की कलात्मकता भी देखते ही बनती है-
शहरों के हर स्वप्न पर, कैसे करें यक़ीन।
उम्मीदों के गाँव हैं, जब तक सुविधाहीन।।
घुल-मिलकर व्यक्तित्व में, बिखरे मधुर सुगंध।
पढ़कर तो देखो कभी, सच के ललित निबंध।।

निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि 'उगें हरे संवाद' संग्रह दोहा-परंपरा में भाव और भाषा-शिल्प की दृष्टि से काफी-कुछ नया जोड़ता है। संग्रह के दोहे पाठकों को पसंद आयेंगे, यही विश्वास है।

## खबर संक्षेप



### छात्रों ने चीनी पकवान बनाने सीखे

**रोहतक।** मदवि में छात्र कल्याण कार्यालय के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन अभिरुचि की कक्षाएं जारी हैं। रविवार को पाक कला कौशल कक्षा के तहत आईएचटीएम में रिसोर्स पर्सन शेफ देविना ने इंडो-चाइनीज पकवान बनाना सिखाया। शेफ देविना ने विविध भारतीय-चीनी पकवानों को बनाना सिखाया। वहीं, सेंटर फॉर लैंग्वेज स्किल्स तथा सॉफ्ट स्किल्स के तहत भाषण कला तथा मौखिक संचार कौशल की अभिरुचि कक्षा आयोजित की जा रही है।



### रोटरी क्लब की चौथी असेंबली आयोजित हुई

**रोहतक।** रोटरी क्लब ऑफ रोहतक सफायर द्वारा दिल्ली रोड स्थित निजी हॉटल में चौथी क्लब असेंबली समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता क्लब के प्रधान राजीव बेरीवाल व मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन ने की। इसमें सदस्यों ने क्लब की गतिविधियों को लेकर चर्चा की और अगामी समय के प्रोजेक्ट को लेकर मंथन किया। इस दौरान सर्वसम्मति से दो प्रस्ताव पारित किये गये।



### विद्यार्थियों की कला की प्रशंसा की

**रोहतक।** पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन में ग्रीष्मकालीन शिविर टाबर उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विद्यार्थियों को नई-नई कलाओं को सीखने का मौका मिल रहा है। इस उत्सव में कक्षा 9वीं से 12वीं के 50 विद्यार्थी भाग ले रहें हैं। ज़िला कॉर्डिनेटर डॉ. सुनीता अहलावत डाइट मदीना की देख रेख में शिविर आयोजित किया जा रहा है।

### पुलिस टीम ने नशे के खिलाफ जागरूक किया

**रोहतक।** नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के तहत पुलिस की टीम अलग-2 स्थानों पर जाकर जागरूक कर रही हैं। सभी थाना, चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा ओल्ड आईटीआई, गांव टिटौली, बहुअकबुपर, चांदी, सुखपुरा, रुडकी, काहनौर, मदीना व अन्य जगहों पर व्यक्तियों को इकट्ठा करके नशा न करने को लेकर जागरूक किया गया।

### बाबा बारसी वाला मंदिर के पास जमीन का कब्जा करवाया कैंसिल

# निंदाना में फिर पंचायत, चकबंदी की खामियों को दूर करने की मांग

#### रविवार को भी निंदाना गांव की ब्राह्मणान चौपाल में गांव के लोगों ने पंचायत की

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

निंदाना गांव में प्रशासन जहां भू स्वामियों को चकबंदी के बाद जमीनों का कब्जा दिलाने के काम में लगा हुआ है, वहीं प्रशासन से नाराज लोग बार बार गांव में पंचायत कर रहे हैं। रविवार को भी निंदाना गांव की ब्राह्मणान चौपाल में गांव के लोगों ने पंचायत की। इस पंचायत में चर्चा हुई कि प्रशासन किलाबंदी की नाजायज कार्रवाई में लगा हुआ है। गांव के लोग शांतिपूर्ण तरीके से कब्जा कार्रवाई का विरोध करेंगे। चकबंदी कार्य में जो खामियां हैं, उनको दूर करने के लिए एक कमेटी गठित की जाए। यह कमेटी रोहतक से बाहर की हो।

गांव में प्रशासन द्वारा चकबंदी की कब्जा कार्रवाई के दौरान अधिकारियों व पुलिसकर्मियों को भेजा जा रहा है। इससे गांव का माहौल खराब हो रहा है। गांव में पूरी तरह से अशांति फैली हुई है। पहले चकबंदी की खामियां दूर की जानी चाहिएं। उसके बाद पूरा गांव प्रशासन का सहयोग करेगा। पूर्व सरपांच बलराज नहरा, राय सिंह नहरा, बिजेंद्र, बलवान, चांद सिंह सतीश और राममेहर आदि ने बताया कि कल बाबा बारसी वाले मंदिर के पास प्रशासन ने एक किसान की गलत कब्जा कार्रवाई कर दी। उसका सहयोग करने के लिए गांव के सैकड़ों लोग वहां पर पहुंचे थे और गांव ने उस किसान का पुराना कब्जा बहाल करवाया। कल उससे प्रशासन ने जो जमीन छीन ली थी, वह रविवार को फिर से उस जमीन पर काबिज हो गया।



**महम।** जमीनों की कब्जा कार्रवाई का विरोध करने खेतों में पहुंचे निंदाना के ग्रामीण।

#### कुछ बता रहे सही, तो कुछ कर रहे विरोध

उधर गांव में एक विचारधारा के लोग ऐसे भी हैं, जो चकबंदी को सही ठहरा रहे हैं। मास्टर महेंद्र सिंह ने बताया कि चकबंदी में किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं है। जिन लोगों ने मंदिर, शामलात और गरीब लोगों की जमीनों पर कब्जे कर रखे हैं और रिकॉर्ड में वे उनके मालिक नहीं हैं। ऐसे लोगों की अब जमीनें छूट जाएंगी। इस किस्म के लोग चकबंदी की कब्जा कार्रवाई का विरोध कर रहे हैं। मुखर होकर प्रशासन का विरोध करने वाले लोगों की यदि ठीक से तहकीकात की जाए तो अधिकतर ऐसे लोग मिलेंगे, जिनकी जमीनें छीन जाएंगी।



**रोहतक।** सुखपुरा चौक स्थित राज्य मुख्यालय प्रभात भवन में मीटिंग करते हुए सीटू के पदाधिकारी।

## 25 जून को सीटू राज्य कार्यकारिणी की मीटिंग में करेगी आंदोलन की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैये के कारण मजदूरों की मांगें लम्बित पड़ी हुई हैं। सरकार मजदूर संगठन से बातचीत कर मजदूरों के लिए 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन घोषित करे। समाधान नहीं किया गया तो 25 जून को सीटू राज्य कार्यकारिणी की मीटिंग कर आंदोलन की घोषणा करेगी।

यह निर्णय रविवार को सुखपुरा चौक स्थित राज्य मुख्यालय प्रभात भवन में हुई सीटू के राज्य पदाधिकारी की मीटिंग में लिया गया। सीटू की राज्य अध्यक्ष सुरेखा, महासचिव जय भगवान व कोषाध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा कि पिछले करीब 10 साल से हरियाणा में न्यूनतम वेतन में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई। कानूनी रूप से प्रत्येक 5 साल में मजदूरों का वेतन रिवाइज किया जाना चाहिए। सीटू नेताओं ने कहा की मजदूर हितों के लिए बने अलग अलग बोर्डों में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों को लेने की बजाय सरकार ने अपने करीबी भर्ती किए हुए हैं। जिनका मजदूर हितों से कोई लेना देना नहीं है।

सीटू ने राज्य के श्रम मंत्री मूल चंद शर्मा को मजदूरों की मांगों पर वार्ता के लिए समय देने के लिए पत्र लिखा है। इस पत्र में मांग की गई है कि राज्य में मजदूरों के लिए 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन घोषित हो, असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए बोर्ड बनें, निर्माण श्रमिको के बने बोर्ड के तहत सुविधाओं पर अघोषित पाबंदी हटे, भट्टा मजदूरों के लिए लिया बोर्ड पंजीकरण का कार्य अनुभव एक साल की बजाय 6 महीने हो।

श्रम विभाग, सेफ्टी एंड हेल्थ में पर्याप्त ऑफिस व स्टाफ की भर्ती हो। मीटिंग में ऐलान किया गया कि सप्ताह भर में उक्त मसलों का समाधान के लिए सरकार की ओर से कोई बातचीत का बुलावा नहीं आता है तो 25 जून को राज्य कार्यकारिणी की मीटिंग कर प्रदेशव्यापी आंदोलन की घोषणा कर दी जाएगी।

#### ये रहे मौजूद

मीटिंग में सीटू के प्रांतीय उपाध्यक्ष सतबीर सिंह, सुरेंद्र सिंह , राममेहर, सुनीता, किरण, सुनील दत्त, कामरेड विनोद, सुधा, रुपा, ओमप्रकाश अनेजा, अनिल कुमार, जगपाल राणा प्रमुख तौर पर मौजूद रहे।

## नए शिक्षा सदन के भूमितल का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

माता धनपति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शांत नगर काठ मंडी में नए शिक्षा सदन के भूमितल का उद्घाटन हुआ। सदन में हवादार कमरे बनाये गये हैं और बच्चों के पानी पीने के लिये वाटर कूलर लगाये गये हैं। बड़े हाल जो कि एलपीएस बोसार्ड के डायरेक्टर राजेश जैन के पिता सेठ बिमल प्रसाद के नाम से बना बड़ा एयर कंडीशन हाल उद्घाटन कर संस्था को बच्चों के लिए समर्पित किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम पर बच्चों ने अपनी अपनी प्रस्तुती दी। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि महामंडलेश्वर डॉ. परमानंद स्वामी महाराज, महामंडलेश्वर बाबा कर्णपुरी महाराज, मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के डायरेक्टर राजेश जैन, सुरेंद्र जैन, वंदना जैन, सिद्धार्थ जैन, संस्था के चेयरमैन हरि प्रकाश गुप्ता, प्रधान नरेश जैन, समाजसेवी गोबिंद राम सिंगल, अमरिश गुप्ता, राजेश सिंहपुरिया, जयभगवान मंगला, योगेश गुप्ता, संजय सिंगला, अजेश गुप्ता, विधायक बीबी बत्तरा ने उद्घाटन किया। संस्था में पढ़ रहे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर अपनी प्रस्तुती देकर सभी का मन मोह लिया, बच्चों ने हरियाणवी डांस, देशभक्ति गीतों जैसे यह देश है वीर जवानो का, हमारे देश के क्या कहने आदि पर प्रस्तुति दी।



**रोहतक।** कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते हुए एलपीएस बोसार्ड के डायरेक्टर राजेश जैन ,महामंडलेश्वर डॉ. परमानंद स्वामी महाराज, महामंडलेश्वर बाबा कर्णपुरी महाराज, वंदना जैन व संस्था के चेयरमैन हरि प्रकाश गुप्ता।

## संत निरंकारी मिशन शिविर में 105 ने किया रक्तदान

▪ संतों का समागम भी हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

स्थानीय पंजाबी धर्मशाला में संत निरंकारी मिशन की ब्रांच महम द्वारा विशाल रक्तदान शिविर लगाया गया तथा भव्य सन्त समागम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भिवानी और रोहतक जिलों के ग्रामीण व शहरी इलाकों से श्रद्धालुओं ने अत्यन्त श्रद्धा से हिस्सा लिया। पी.जी.आई.एम.एस रोहतक से डॉ. वैशाली के नेतृत्व में मैडिकल टीम ने रक्त संग्रह किया। सत्संग और रक्तदान शिविर की अध्यक्षता टोहाना जोन के जोनल इंचार्ज, मिशन के संत रमन नागपाल ने की। रक्तदान शिविर का उद्घाटन एस डी एम महम दलबीर फोगाट तथा संत रमन नागपाल ने संयुक्त रुप से किया। इस शिविर में रक्तदाताओं का भरपूर उत्साह देखने को मिला। शिविर में 105 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। जिसमें महिलाओं की भी भागीदारी देखने को मिली। संत रमन नागपाल ने सत्संग में उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए फ़रमाया कि रक्तदान मानवता की निष्काम तथा निःस्वार्थ सेवा है । उन्होंने आगे फ़रमाया कि युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह महाराज के दिव्य वाक्य /"इन्सान का रक्त सड़कों व नालियों में नहीं बल्कि इन्सानी नाड़ियों में बहे/" को अमली रूप देते हुए 1986 में रक्तदान शिविरों की मुहिम की शुरुआत हुई। तब से आज तक लगातार यह निष्काम व निःस्वार्थ सेवा महाअभियान का रुप लेकर सम्पूर्ण विश्व में निरन्तर जारी है। सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के बचनों को मानकर किये गये रक्तदान की निष्काम सेवा ही भक्ति बन जाती है। निराकार परमात्मा को जन-जन में देखकर ही निष्काम सेवा हो सकती है। वर्तमान समय में सदगुरु माता सुदीक्षा महाराज इन्सान को ब्रह्मज्ञान देकर उसे वास्तविक आध्यात्मिकता से जोड़कर भ्रमों व विकारों से निजात देकर आनंदपूर्वक जीवन जीने का ढंग सिखा रहे हैं तथा निष्काम सेवा का पाठ पढ़ा रहे हैं। उन्होंने संपूर्ण हरदेव वाणी के शब्द संख्या 166 के हवाले से आगे कहा कि आग को आग से नहीं बुझाया जा सकता,आग को बुझाने के लिए जल की आवश्यकता होती है।



**महम।** पंजाबी धर्मशाला में संत निरंकारी मिशन के रक्तदान शिविर का रीबन काटकर शुभारंभ करते एसडीएम दलबीर सिंह फोगाट।



## 74 लोगों ने किया रक्तदान

**रोहतक।** इंडियन सर्जनज़ एसोसिएशन (एएसआइ) द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। रक्तदान शिविर एएसआई की सभी 23 राज्य इकाइयों और शहरी शाखाओं द्वारा देशभर के विभिन्न शहरों में आयोजित किए गए। एएसआई हरियाणा चैप्टर के अंतर्गत रक्तदान शिविर एएसआई की रोहतक शाखा द्वारा राधे राधे सेवा समिति के सहयोग से लगाया गया। प्रधान डॉ. आरके चौधरी, एएसआई रोहतक के प्रधान डॉ. एमजी वशिष्ट, सचिव डॉ. आनंद राय बंसल एवं राधे राधे सेवा समिति के संरक्षक टिंनू लूम्बा के मार्गदर्शन में छोटूराम चौंक पर लगाए गए शिविर में 74 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. अनिल बिरला ने किया। समाज सेविका एवं नियमित रक्तदाता मुन्नी गोदारा ने सभी युवाओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एसएल वर्मा, डॉ. साहिल सांघी, डॉ. पवनजीत रोहिल्ला आदि मौजूद रहे।

## दीपेंद्र की जीत पर एमडीयू में खीर पार्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

दीपेंद्र हुड्डा के साथ निर्वाचित होने पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के एक्टिविटी सेंटर में रविवार सुबह खीर पार्टी का आयोजन गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के पूर्व प्रधान रणधीर कटारिया ने किया। इसमें विधायक भारत भूषण बात्रा,महम के पूर्व विधायक आनंद सिंह दांगी, बेरी के पूर्व विधायक डॉ. वीरेंद्र समेत वे लोग शामिल हुए, जो विश्वविद्यालय में हर रोज सुबह की सैर के लिए आते हैं। खीर पार्टी का आयोजन काफी दिनों से हो रहा है। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी कभी कभार शामिल हो जाते हैं।

खीर पार्टी को लेकर इस बार विश्वविद्यालय ये चर्चा रही कि ये पारंपरिक पार्टी अभी तक फैकल्टी हाउस में आयोजित की जाती थी। परंतु इस बार एक्टिविटी सेंटर में क्यों आयोजित की गई। इस बारे में पार्टी आयोजक रणधीर कटारिया ने कहा कि खीर पार्टी में विरोधी पार्टी के लोग शामिल होते हैं तो इसलिए यूनिवर्सिटी प्रशासन ने पिछले दिनों एक नियम बना दिया कि फैकल्टी हाउस में जो भी व्यक्ति खुद खाना खाएगा या किसी भी प्रकार का आयोजन करेगा, इसकी अनुमति प्रशासन से लेनी होगी। ध्यान रहे कि अभी तक फैकल्टी हाउस के इंचार्ज को जानकारी देकर खाना वगैरह बनवा लिया जाता था। पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा के ओएसडी बबल हुड्डा समेत राज बहादुर शर्मा, सोमबीर राठी, डॉ. महिपाल गिल, ओमप्रकाश मोर, राधेश्याम, विकास गिल, रविंद्र लोहिया, दर्शन पूनिया, हरदीप हुड्डा और मनीष कौशिक समेत कई लोग खीर पार्टी में शामिल रहे।





## एनएनएस वॉलिंटियर ने बनियानी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पौधे लगाए

**रोहतक।** मदवि की एनएसएस इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन की शुरुआत एमडीयू द्वारा गोद लिए गांव बनियानी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पौधारोपण से की गई। सभी कार्यक्रम अधिकारियों डॉ, अंजु पंवार , डॉ. जितेंद्र राठी , डॉ. रेखा ढींगरा ,डॉ विपिन सैनी, आनंद और स्वयंसेवकों ने स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में आंवला , नीम , जामुन तथा विभिन्न प्रकार के पौधे लगाने के साथ- साथ वहां पहले से लगे हुए पेड़ पौधों में पानी दिया । तत्पश्चात जागरूक युवा -विकसित भारत थीम पर आधारित इस शिविर के स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण जल संरक्षण और नशा मुक्त समाज जैसे तत्कालीन मुद्दों पर सभी कार्यक्रम अधिकारियों के नेतृत्व में जागरूक अभियान चलाया तथा साथ ही गांव में घर घर जाकर लोगों को जागरूक किया । जल संरक्षण और नशा मुक्त समाज विषयों पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कर गांव वासियों को इन तत्कालीन गंभीर समस्याओं से अवगत कराया और इन समस्याओं से बचने के लिए सावधानियां तथा उपाय बताएं।

### राष्ट्र की आन ,बान और शान के लिए शहीद हुए अपने भाई समुंदर सिंह की शहादत पर हमें गर्व

# शहीद सेवा दल का शहीद नायक समुंदर की समाधि पर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सन 1999 में भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल में लड़ा गया। यह युद्ध दुनिया के सबसे ऊंचे स्थानों पर लड़ा गया युद्ध था। इस युद्ध में भारत के 527 योद्धा देश की आन बान शान के लिए कुर्बान हुए। इनमें शहीदों में हरियाणा के 74 और जिला रोहतक के 9 शहीद सैनिक शामिल थे। इन शहीद योद्धाओं को सम्मान देने के लिए समय-समय पर सामाजिक संस्थानों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है।

सम्मान की इसी कड़ी में राष्ट्र प्रेमी सावन सिंह रोहिल्ला और उनके साथी शशि कपूर, अंकित मलिक, दीपक ,हिमांशु, सारिका खान, नवल सिंह ,अतुल और पुनीत ने कारगिल शहीद सेवादल का गठन किया है। जो कारगिल के युद्ध में शहीद सैनिकों के घर और समाधियों पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेगा। इस वर्ष शहीद सेवा दल ने 10 मई को सिरसा से अपनी यात्रा आरंभ की थी। इस यात्रा की कड़ी में यह सेवा दल 15 जून शाय को रोहतक के गांव सांघी में कारगिल युद्ध में शहीद नायक समुंदर सिंह की समाधि पर पहुंचा। शहीद के परिवार, शहीद कल्ब के सदस्यों, ग्रामीणों और हरियाणा पूर्व सैनिक संघ सदस्यों ने उनका हार्दिक अभिनंदन किया । इस अवसर पर शहीद सेवा दल ने शहीद समुंदर सिंह के भाई रामफल हुड्डा को एक स्मृति चिन्ह भेंट किया। शहीद सेवा दल ने समाधि स्थल पर स्टील का पोल स्थापित कर ,शहीद समुंदर सिंह अमर रहे, भारत माता की जय के नारों के बीच राष्ट्रीय ध्वज फहराया।



#### ये रहे मौजूद

हरियाणा पूर्व सैनिक संघ की तरफ से संघ के प्रवक्ता कैप्टन जगवीर मलिक, सूबेदार जयपाल सिंह, हवलदार नरेंद्र सिंह, हवलदार धर्मवीर खटकड़, हवलदार नरेश शर्मा ने कारगिल शहीद सेवा दल के सदस्यों को मेडल पहनाकर, उनके राष्ट्र प्रेम के कार्यों के लिए सम्मानित किया। इस मौके पर शाहिद समुद्र सिंह के बड़े भाई बलवान सिंह, सत्यवान सिंह,छोटे भाई रामफल हुड्डा ,करनैल सिंह , शहीद क्लब के पदाधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे ।

### शराब की 61 अवैध बोतलों के साथ दो युवक पकड़े

**रोहतक।** पुलिस ने दो युवकों को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। उनसे कुल 61 बोतल शराब बरामद हुई है। शिवाजी कॉलनी थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि मुख्य सिपाही संदीप के नेतृत्व में पुलिस नामदेव चौक के पास गश्त पर थी। इस दौरान राजेन्द्रा कॉलोनी की तरफ से आ रहे युवक को शक के आधार पर पकड़ा तो उसके पास 50 बोतल शराब बरामद हुई। युवक की पहचान प्रिंस उर्फ रितिक निवासी रामलीला पड़ाव के रूप में हुई। इसी तरह प्रभारी थाना लाखनमाजरा निरीक्षक समरजीत ने बताया कि घिरौठी मोड के नजदीक चाय के खोखे के पास से युवक को पकड़ा तो 11 बोतल शराब बरामद हुई। उसकी पहचान शिवकुमार निवासी घिरौठी के रूप में हुई।

### हरियाणा दलित एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण एसोसिएशन की बैठक में दी जानकारी

**रोहतक।** हरियाणा दलित एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण एसोसिएशन की बैठक नेहरू कॉलोनी स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर भवन में हुई। बैठक डॉ. अनिल ने बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती एसोसिएशन द्वारा 14 अप्रैल को मनाई गई। इसमें 6 से 8 वर्ष व 9 से 12 वर्ष के विद्यार्थियों के लिए पेन्टिग और निंबध प्रतियोगिता करवाई गई। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों, ख्याति प्राप्त खिलाड़ी व शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धि प्राप्त विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।



## खबर संक्षेप

### योग करने के लिए शिविर में लोगों को किया प्रेरित

**रोहतक।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में बाबा बालक पुरी मेमोरियल पार्क में योग शिविर आयोजित किया जा रहा है। जहां योग गुरु आचार्य योगेंद्र शास्त्री 21 जून तक योगाभ्यास करवाएंगे। रविवार को मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन रहे। उन्होंने कहा कि योग हमारे जीवन का अभिन्न अंग है, हमें रोजाना योग करना चाहिए, योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है। आचार्य योगेंद्र शास्त्री ने लोगों को योग करने के लिए प्रेरित किया।

### रिठाल के गर्ल्स हाई स्कूल से 15 बैट्रियां चोरी

**रोहतक।** रिठाल के गवर्नमेंट ग्लर्स हाई स्कूल की कंप्यूटर लैब से बैट्रियां चोरी कर ली गई। 11 जून को सुबह विद्यालय में चांदराम, व एलए सुमन, डीपीई प्रवेश व अन्जू स्कूल आए। देखा कि लैब का ताला टूटा हुआ है और उसे कटर से काटा गया है। जांच करने पर पता चला कि लैब से 15 बैट्रियां चोरी हुई हैं। इस बारे में डीडीओ सुरेखा को जानकारी दी गई। सुरेखा ने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

### आंगन में सोए थे दंपती अलमारी से गहने चोरी

**रोहतक।** गांव माडोदी रागड़ान में चोरों ने सोने चांदी के गहनों पर हाथ साफ कर लिया। दीपक ने बताया कि शनिवार रात को वह और उसकी पत्नी सपना दोनों घर के आंगन में सो रहे थे और घर के सभी दरवाजे खुले पडे.थे। सुबह उठकर देखा तो कमरे में रखी अलमारी खुली हुई थी और चाबी भी उसमें लगी हुई थी। सामान चेक करने पर किया तो पता लगा कि अलमारी के लोकर से 1 सोने की तबीजी, दो जोड़ी पाजेब, एक सोने की अंगूठी, एक चांदी का हाथ फूल, 2 चांदी की चुटकी गायब थे।

### भगवान दास की बरसी पर किया भजन-कीर्तन

**रोहतक।** टिकाना सत बाबा भगवान दास उदासीन आश्रम में महंत बाबा प्रेम दास महाराज के गुरु महंत बाबा भगवान दास महाराज की 36वीं बरसी के उपलक्ष्य में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। बाबा भगवान दास एक सिद्ध महापुरुष एवं महान तपस्वी थे।

### छात्र असमंजस में न रहें, नई शिक्षा नीति के तहत किए जा रहे दाखिले

# बीएससी मेडिकल अब लाइफ साइंस और नॉन मेडिकल फिजिकल साइंस

- 3 जून से खुला है पोर्टल, विद्यार्थी दाखिले के लिए करें आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा यूजी में दाखिलों को लेकर शेड्यूल जारी किया जा चुका है। इसके तहत 3 जून से पोर्टल खुल चुका है और विद्यार्थी आवेदन कर रहे हैं। वहीं दाखिले नई शिक्षा नीति के तहत ही होंगे। ऐसे में अब बीएससी नॉन मेडिकल को बीएससी फिजिकल साइंस और बीएससी मेडिकल को बीएससी लाइफ साइंस कर दिया गया है। वहीं बीए और बीकाम ऑनर्स को मेजर किया गया है। दाखिला प्रक्रिया के तहत आवेदन करने के लिए पोर्टल 25 जून तक खुला है और 28 जून तक दस्तावेजों की जांच की जाएगी।



#### प्रोवीजनल के बाद जारी होगी फाइनल लिस्ट

उच्चतर शिक्षा विभाग ने इस बार प्रोवीजनल और फाइनल मेरिट लिस्ट जारी करने का शैड्यूल भी जारी किया है। इसके तहत पहली प्रोवीजनल मेरिट लिस्ट 2 जुलाई को और फाइनल 3 जुलाई को जारी की जाएगी। इस मेरिट लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम आएगा वह 4 जुलाई से लेकर 8 जुलाई तक फीस जमा करवाकर अपना दाखिला सुनिश्चित करेंगे। वहीं दूसरी प्रोवीजनल मेरिट लिस्ट 9 को और फाइनल 10 जुलाई को आएगी। इसके तहत छात्र 12 जुलाई तक फीस जमा करवा सकेंगे। वहीं ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के साथ साथ विद्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच भी की जा रही है।हर महाविद्यालय में जांच कमेटी का गठन किया गया है। इस दौरान जांच कमेटी ऐसे विद्यार्थियों के रजिस्टर मोबाइल नंबर पर ऑब्जेक्शन लगाकर मैसेज भेज रही है जिन्होंने जरूरी दस्तावेज अपलोड नहीं किए हैं। यहां ए भी बता दें कि ऑब्जेक्शन के बाद भी अगर किसी विद्यार्थी ने जरूरी दस्तावेज अपलोड नहीं किए तो उसका नाम मेरिट लिस्ट में नहीं आएगा।

#### कॉलेज में आकर पूछ रहे विद्यार्थी

मेडीकल, नॉन मेडिकल की जगह लाइफ साइंस और फिजिकल साइंस कोर्स हो जाने से विद्यार्थी असमंजस में हैं। वह कॉलेज आकर या शिक्षकों को फोन करके पूछ रहे हैं कि बीएससी मेडिकल और नॉन मेडिकल कोर्स में दाखिला कैसे लें क्योंकि ए कोर्स ऑनलाइन फार्म भरते समय नहीं दर्शाए गए हैं। जिस पर शिक्षक बच्चों को यह बता रहे हैं कि इन कोर्स के नाम बदल गए हैं और सभी कोर्स की पढ़ाई भी नई शिक्षा नीति के तहत दिए गए पाठ्यक्रम द्वारा करवाई जाएगी।

#### 16 जुलाई को दोबारा खुलेगा पोर्टल

25 जून को पोर्टल बंद होने बाद भी जो विद्यार्थी किसी कारणवश ऑनलाइन आवेदन नहीं सके उनके लिए दोबारा से पोर्टल 16 जुलाई को खोला जाएगा। जिसके बाद वह फार्म भरकर दाखिला प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। 31 जुलाई तक ओपन काउंसलिंग जारी रहेगी।

## बालाजी धाम पर लगाया मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर



**रोहतक।** आंखों की जांच करते हुए डॉक्टर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भिवानी रोड स्थित श्री बालाजी धाम गांव डोभ पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। संस्थापक प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल ने बताया कि प्रत्येक रविवार को स्वास्थ्य जांच, संकीर्तन व प्रसाद वितरण किया जाता है। उन्होंने बताया कि रविवार को डॉ. दिनेश कुमार ने आखों के मरीजों की जांच व डॉ. अशोक रोहिल्ला ने ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, खांसी, बुखार, पेट दर्द, कान, नाक, गले की समस्या के मरीजों का स्वास्थ्य जांचा और सभी प्रकार की दवाइयां और चश्मे निशुल्क दिये। डॉ. ऋतू कश्यप ने दांतों के मरीजों की जांच की। साथ ही धाम पर श्री बालाजी महाराज का संकीर्तन किया गया, जिसमें पूनम सैन, अमित कौशिक द्वारा भजनों का गुणगान किया गया। प्रधान ने बताया कि 21 जून को सुबह 9 बजे अखंड रामायण का पाठ किया जायेगा, जोकि पूर्णिमा 22 जून को समाप्त होगी। हवन पूजा के बाद बालाजी का संकीर्तन, भंडारा, भक्तमेला एवं निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर रमेश गुप्ता, रवि चिटकारा, विनोद गुप्ता, राकेश गुप्ता, संदीप गुप्ता, सुभाष बंसल, राजेश गोयल, पंडित नरेश कौशिक आदि मौजूद रहे।

## एमटीएफसी में फोटोस्टेट मशीन, एसी का उद्घाटन

- कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कन्हैली रोड स्थित एमटीएफसी संस्था में फोटोस्टेट मशीन, एसी एवं जाल का उद्घाटन एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि रवि खुंडिया (डीएसपी, हैडक्वार्टर) एवं मनमोहन गोयल (पूर्व महापौर) रहे। जन सेवा संस्थान के संचालक महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी परमानंद महाराज ने सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया।

संस्था प्रधान नरेश ढल ने बताया कि राजेश जैन हमेशा सामाजिक संस्थाओं को सहयोग करने के लिए तत्पर रहते हैं। काफी लम्बे समय से एमटीएफसी संस्था में अपना योगदान दे रहे हैं ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से अछूता न रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। राजेश जैन ने कहा कि संस्था काफी लम्बे समय से बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का अथक प्रयास कर रही है।

उनका यह प्रयास काफी काबिले तारीफ है। इस अवसर पर भारत भूषण, गोबिंद राम सिंघल, श्याम नाथ शर्मा, आशीष मित्तल, नरेश जैन, राम अवतार शास्त्री, गणपत शर्मा, संजय खुराना, वेद प्रकाश शर्मा, महेंद्र सैन, तस्वीर सिंह हुड्डा, नवनीत हुड्डा, संजय मलिक, राकेश अरोड़ा, पुष्पलता, अजय, रजत, पवन गहलोत, कृष्णा ढ़ल, रोबिन सचदेवा आदि उपस्थित रहे।



**रोहतक।** एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन के साथ केक कटवाते हुए महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी परमानंद महाराज व मनमोहन गोयल (पूर्व महापौर)।

## कर्मचारियों की मांगों को जल्द पूरा करे सरकार

- सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कार्यकारिणी की दो दिवसीय मीटिंग कर्मचारी रोहतक में राज्य प्रधान धर्मवीर फोगाट की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। राज्य प्रधान ने कहा कि रेगुलराइजेशन कर्मचारियों के लिए एक बड़ी मांग है, पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाली के स्थान पर अंतिम स्केल का आधा पेंशन देने की बात कर्मचारियों को स्वीकार नहीं है। केवल पुरानी पेंशन व्यवस्था ही लागू की जाए। उन्होंने कहा कि कौशल रोजगार निगम को भंग करके सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करते हुए विभागों में खाली पड़े पदों पर नियमों से नियमित भर्ती की जाए। इसके अलावा एक्सग्रेसिया पोलिसी में पहले 5 वर्ष व अंतिम 3 वर्षों की शर्त को तुरंत हटाया जाए, कच्चे व पार्ट टाइम कर्मचारियों के वेतन में पिछले चार-पांच सालों से कोई वृद्धि नहीं की गई है, कैशलैस मेडिकल सुविधा रिटायर्ड कर्मचारियों पर भी लागू की जाए। राज्य प्रधान ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की मांगों का तुरंत समाधान करे। राज्य कार्यकारिणी की मीटिंग में मांगों को लेकर संघर्ष करने का निर्णय लिया गया है, जिसके तहत 19 जून से 28 जून तक जिलों की विस्तारित बैठकें की जायेंगी। 25 जून तक संबंधित संगठनों की मीटिंग, 16 जुलाई से 26 जुलाई तक जिलों पर विशाल प्रदर्शन करके मांगों का ज्ञापन दिया जायेगा। इन सब कार्यक्रमों की तैयारियों के लिए धर्मवीर फोगाट, नरेश कुमार, सुरेश नोहरा, नरेश शास्त्री, संदीप सांगवान, जरनैल सिंह, सुखदर्शन सरोहा व बिजली यूनियन के चैयरमेन देवेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में चार टीमों का गठन भी किया गया है।



**रोहतक।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कार्यकारिणी की मीटिंग को सम्बोधित करते हुए राज्य प्रधान धर्मवीर फोगाट।

## मीठे पानी की छबील लगाई




रोहतक। एक पहल नई दिशा ट्रस्ट ने झज्जर चुंगी अजीत गैस ऐजेंसी के पास मीठे पानी की छबील लगाई। साथ ही सफाई का भी विशेष ध्यान रखा। आसपास के दुकानदारों ने ट्रस्ट के कार्यों की सराहना की और सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रधान सोमबीर, उपप्रधान पवन कुमार, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, सलाहकार हितेंद्र, अभिषेक, संदीप शर्मा, प्रवीन जांगड़ा, संदीप सिंधु, नीरज, भूपेंद्र, पंकज, राजकुमार, रवि मित्तल, प्रिंस सैनी, जितेंद्र, रविंद्र, राजेश, सतीश शर्मा, नरेंद्र नांदल, अनिल, अमित, आशीष आदि मौजूद रहे।

## गंगा दशहरे व पितृ दिवस पर रक्तदान शिविर

- गर्मी के मौसम में रक्तदान से न घबराएं : यज्ञदत्त मिश्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विश्व रक्तदाता दिवस के तहत पितृ दिवस व गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में महामण्डलेश्वर विश्वेश्वरानंद गिरि, महामण्डलेश्वर आचार्य नितिन गिरि , माता मन्दिर महन्त थानेश्वर दास, ओशो ज्ञान विज्ञान संस्थान से स्वामी गोबिन्द करतार के पावन सानिध्य में आपके साथ एक नई शुरूआत संस्था द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान, लोकगीत व संगीतमयी भजन उत्सव का आयोजन भगवान परशुराम धर्मशाला सुनारियां चौक में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष आकाशवाणी रोहतक के नोडल अधिकारी यज्ञ दत्त मिश्र रहे। विशिष्ट अतिथि अनिता बुधवार, समाज सेवी रोहित राठी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवेन्द्र चहल सचिव रेडक्रास झज्जर व संयोजन रक्तदाता प्रेरक जेपी गौड़ ने किया। जेपी गौड़ ने बताया पीजीआईएमएस रक्तकोष, जिला रेडक्रास के सहयोग से 55 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। जिसमें डॉ. सुरेन्द्र भारद्वाज ने 51वीं, जेपीगौड़ ने अपने जन्मोत्सव पर 44वीं बार, रामबीर ककराणा 40वीं बार, 15 रक्तदाताओं ने पहली बार रक्तदान किया। हेल्मेट नवीन जैन द्वारा वितरित किए गए। सभी रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सभी अतिथि स्वागत समिति से उमा गोयल, डॉ. निर्मल, कमलेश राणा, अश्वनी वशिष्ट, नेहा नागर, लतेश नागर, दिप्टी गौड़ ने अतिथियों को सम्मानित किया। लोकगीत एवं महिला संगीत भजन अमृत कालॉनी की प्रेमो संगीत मण्डली द्वारा प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर योगाचार्य हरिओम कौशिक, मास्टर मनोज सहरावत, वत्स महान, ममता रानी, मास्टर जितेन्द्र जांगड़ा, लेखाकार रेडक्रास राजकुमार मोर, संजय गोयल, अनिल ढाका, सतबीर बुधवार, आशीष वत्स, दिलबाग, विजेन्द्र कादयाण, दिनेश एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में आपातकालीन रक्तदान पैनल का विशेष सहयोग रहा।



**रोहतक।** रक्तदाता को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि आकाशवाणी रोहतक के नोडल अधिकारी यज्ञ दत्त मिश्र, देवेन्द्र चहल सचिव रेडक्रास झज्जर व ओशो ज्ञान विज्ञान संस्थान से स्वामी गोबिन्द करतार ।

## ग्राम सचिव सहित बीडीपीओ, तहसीलदार को मिली विवाह पंजीकरण की पॉवर

- प्रदेश में विवाह पंजीकरण की प्रक्रिया का सरलीकरण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा सरकार ने प्रदेश में विवाह पंजीकरण की प्रक्रिया का सरलीकरण करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में नगराधीश (सीटीएम), तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खंड विकास पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) सहित ग्राम सचिव को मैरिज रजिस्ट्रार के रूप में नामित किया है।

उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि इस विषय में प्रदेश सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। अब विवाह पंजीकरण करवाने वाले लोग लोकल स्तर पर अपनी सुविधा अनुसार ग्राम सचिव से लेकर बीडीपीओ, नायब तहसीलदार, तहसीलदार और सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से मैरिज रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। इससे पहले ग्रामीण स्तर पर केवल तहसीलदार के पास ही मै रि ज रजिस्ट्रेशन का अधिकार था। इसी प्रकार, शहरी क्षेत्रों के लिए संयुक्त आयुक्त, कार्यकारी अधिकारी, सचिव नगर समिति, तहसीलदार, नायब तहसीलदार नामित रजिस्ट्रार होंगे। नागरिक अब अपने विवाह को घर के नजदीक उक्त अधिकारियों के माध्यम से सरकारी कार्यालय में पंजीकृत करवा सकते हैं। मैरिज रजिस्ट्रार की संख्या बढ़ने और घर से कम दूरी के कारण अब विवाह पंजीकरण करवाने वालों के लिए सुविधा के साथ-साथ समय की भी बचत होगी। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि वर्तमान में एडीसी-स ह - डी सी आ र आ ई ओ ए स (अतिरिक्त उपायुक्त-सह-जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी) के पास परिवार पहचान पत्र डेटाबेस (पीपीपी-डीबी) में डेटा निर्माण और अपडेट से संबंधित जिम्मेदारियां दी गई हैं। विवाह पोर्टल को परिवार पहचान पत्र डेटा बेस के साथ जोड़ा गया है।

विवाह पंजीकरण के लिए एडीसी सह डीसीआरआईओ पीपीपी-डीबी को जिला रजिस्ट्रार के रूप में भी नामित किया गया है। उक्त अधिकारी को ही प्रथम अपीलकर्ता प्राधिकारी की भी जिम्मेदारी दी गई है। इस प्रक्रिया से जिला स्तर पर विवाह पंजीकरण व परिवार पहचान पत्र में तालमेल बन पाएगा, जिससे नागरिक को फैमिली आईडी के साथ-साथ विवाह पंजीकरण संबंधित शिकायतों का एक ही स्थान पर समाधान हो पाएगा।



उपायुक्त अजय कुमार

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



**हरिभूमि**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ टिटोली में युवा चरित्र निर्माण शिविर जारी

# मित्र वही जो पाप से बचाने वाला हो : पूनम आर्या

- माता-पिता को घर तथा समाज में उपेक्षित न होने दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद हरियाणा एवं युवा निर्माण अभियान के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ टिटोली में चल रहे युवा चरित्र निर्माण शिविर में रविवार को बेटी बचाओ अभियान की राष्ट्रीय प्रधान बहन पूनम आर्या ने युवाओं को मित्र के लक्षण बताए। उन्होंने कहा कि मित्र वही जो पाप से बचाने वाला हो, अच्छे कार्य को करने में प्रेरित करने वाला हो, कमियों को मिटाने वाला, अच्छे गुणों को प्रकट करने वाला होता है। मित्र मुसीबत में साथ देने वाला होता है। दान देने वाला हो। उन्होंने ये भी कहा कि वर्तमान समय में माता पिता की सेवा का समय भी अवश्य निकालें। उनको घर तथा समाज में उपेक्षित ना होने दें।



**रोहतक।** शिविर में पीजीआई के डॉ. पुरुषोत्तम को सम्मानित करते हुए बेटी बचाओ अभियान की राष्ट्रीय प्रधान बहन पूनम आर्या व स्वामी इंद्रवेश व विद्यापीठ टिटोली के सदस्य।
*फोटो : हरिभूमि*

#### यज्ञ, योग व आयुर्वेद वैदिक संस्कृति के आधार

सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के प्रधान स्वामी आर्यवेश ने कहा कि यज्ञ, योग तथा आयुर्वेद वैदिक संस्कृति के आधार हैं। इन तीनों को अपनाकर हम अपने जीवन को सफल तथा सार्थक ओर स्वस्थ रख सकते हैं। पीजीआई से पहुचे डॉक्टर पुरुषोत्तम ने युवाओं को तनाव मुक्ति पर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि तनाव से मुक्त होने और हमारी उर्जा को पुनः प्राप्त करने के लिए, प्रकृति ने एक शानदार व्यवस्था बनाई है, जो है नींद। पर्याप्त नींद लेना टेंशन दूर करने का मूल मंत्र है। नींद आपकी थकान मिटाती है और तनाव बढ़ने पर लगाम लगाती है। तनाव को नियंत्रण में रखने के लिए प्राणायाम और ध्यान दो तरीके हैं। ये तनाव और थकान से मुक्ति देते हैं, आपकी मानसिक क्षमता बढ़ाते हैं।

#### आज होगा समापन

स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ टिटोली में चल रहे शिविर का समापन 17 जून को होगा। इस मौके पर प्रतिभावन युवाओं को सम्मानित किया जायेगा। व्यायाम प्रदर्शन किया जायेगा। जिसका संचालन सहसरपाल आर्य करेंगे। मंच संचालन परिषद के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप कुमार ने किया। इस मौके पर डॉक्टर भूपेंद्र, पूर्व डीएसपी अर्जुन सिंह, सज्जन राठी, अशोक आर्य, वीरेंद्र खटकड़, श्रवण कुमार, सचिन आर्य, अजीतपाल आर्य, जगफुल ढिल्लों आदि उपस्थित रहे।

### जीवन राम स्कूल में समर कैंप का समापन

**रोहतक।** जनता कॉलोनी स्थित जीवन राम बशेशर लाल पब्लिक स्कूल में एक जून से चल रहे 16 दिवसीय समर कैंप का समापन हुआ। इस कैंप में बच्चों ने आर्ट एंड क्राफ्ट, डांस, योगा, मेहंदी, कुकिंग विद और विदाउट फायर की जानकारी ली। कैंप में हर रविवार को पूल पार्टी और फन-डे का आयोजन किया गया। इसके समापन के अवसर पर बच्चों को बेस्ट परफॉर्मर, मोस्ट एनर्जेटिक स्टूडेंट , पंक्चुअलिटी प्राइस, 100 प्रतिशत अटेंडेंस को लेकर ईनाम दिए गए। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टरअमित महमिया ने कहा इस तरह के कैंप बच्चों में क्रिएटिविटी और नये उत्साह का संचार करते है। बच्चों ने भीषण गर्मी भी स्प्लैश वाटर पुल में खूब एंजॉय किया। इस मौके पर शिक्षिकाएं श्रुति गोयल, हिमांशी बत्रा , गीता व भारती कौशिक उपस्थित रही।